मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-46
20/01/2021

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 354वें प्रकाश गुरुपर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री

- हमलोगों के लिये यह गौरव की बात है कि गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज का यहाँ जन्म हुआ था :– मुख्यमंत्री

पटना, 20 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 354वें प्रकाश गुरु पर्व पर तख्त श्रीहरमंदिर जी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने तख्त श्रीहरमंदिर जी पटना साहिब पहुँचकर गुरू के दरबार में मत्था टेका। श्रीहरमंदिर जी प्रबंधक कमिटी द्वारा मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, सरोपा एवं तलवार भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने बाल लीला गुरूद्वारा जाकर भी मत्था टेका, जहाँ उनका स्वागत सरोपा भेंटकर किया गया। बाल लीला गुरूद्वारा में बाबा कश्मीर सिंह भूरिवाले एवं छोटे बाबा सुखबिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री को खाट पर बिठाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने वहाँ लंगर भी छका।

पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब जानते हैं कि वर्ष 2017 में 350वें प्रकाश पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ आये थे। उसके बाद से यहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस बार कोरोना है इसलिए कार्यक्रम को सीमित रखा गया है, फिर भी देश के कोने–कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु तख्त हरमंदिर गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली में दर्शन करने आ रहे हैं। आप सभी जानते हैं कि यह विशेष स्थल है। गुरु नानक देव जी राजगीर में आये थे, वहां शीतल कुंड है और वहां पर भी गुरूद्वारे का निर्माण हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो कार्यक्रम चल रहा है, उसमें शामिल होकर हमने अपनी श्रद्धा प्रकट की है। हमलोग अपनी श्रद्धा और सम्मान प्रकट करने हर वर्ष यहाँ आते हैं। यहाँ आकर मन को प्रसन्नता होती है। हमलोगों की जो श्रद्धा है उसको प्रकट करना हमलोगों का कर्तव्य है। इससे जनसेवा करने की प्रेरणा मिलती है। हमलोगों के लिये यह गौरव की बात है कि गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज का यहाँ जन्म हुआ था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ आकर अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं।

इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री उदयकांत मिश्र, अध्यक्ष तख्त हरमंदिर प्रबंधक समिति सरदार अवतार सिंह हित जी, अध्यक्ष शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक समिति अमृतसर बीबी जगीर कौर, पूर्व सांसद आनंदपुर साहिब सरदार प्रेम सिंह चंदू माजरा, गौहर–ए–मस्कीन तख्त पटना साहिब जत्थेदार श्री रंजीत सिंह, बाबा कश्मीर सिंह जी भूरीवाले, छोटे बाबा सुखबिंदर सिंह, पूर्व मुख्य सचिव बिहार, सरदार जी0एस0 कंग, महासचिव तख्त श्रीहरमंदिर पटना साहिब सरदार महेन्द्र पाल सिंह ढ़िल्लो, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आई0जी0 पटना प्रक्षेत्र श्री संजय सिंह,

जिलाधिकारी पटना श्री चंद्रशेखर सिंह, वैशाली की जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेंद्र कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग, वरीय अधिकारीगण, सिख संगत, सेवादार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

******